कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर।

विज्ञप्ति

विज्ञप्ति दिनांक 01.02.2024 के माध्यम से चीफ, डिप्टी चीफ व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसकी अन्तिम तिथि 15.02.2024 निश्चित की गयी थी, जिसके तहत प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

अतएव चीफ एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पदों हेतु जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है तथा अभिलेखों के सत्यापन में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य पूर्ण करवा चुके है, वें अभ्यर्थी दिनांक 27.02.2024 को समय 02 बजे से जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के सभागार में अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार हेतु स्वयं उपस्थित हो तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पदों हेतु जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है तथा अभिलेखों के सत्यापन में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य पूर्ण करवा चुके है, वें अभ्यर्थी दिनांक 28.02.2024 को समय प्रातः 02 बजे से जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर के सभागार में अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार हेतु स्वयं उपस्थित हो।

यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित नहीं आते है तो उनके आवेदन पत्र पर समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। उक्त साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

सर्वसम्बन्धित सूचित हो।

21.02.24

दिनांक–21.02.2024

(ब्रिजेश कुमार–द्वितीय)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर।
2. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर की बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु सादर प्रेषित।
3. जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु।
4. अध्यक्ष सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन, सिद्धार्थनगर को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु।
5. अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन, सिद्धार्थनगर को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु।
6. केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर को अपने सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु।

अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
सिद्धार्थनगर।